आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12.02.2026 | समय : 02.10pm

सेवा तीर्थ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली में ‘सेवा तीर्थ’ भवन परिसर के नाम का अनावरण करेंगे और इसके साथ ही कर्तव्य भवन-1 और 2 का भी उद्घाटन करेंगे। शाम को सेवा तीर्थ में उनकी एक जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इन नए परिसरों में प्रधानमंत्री कार्यालय और कई बड़े मंत्रालय अब एक ही जगह से काम करेंगे।

बांग्लादेश- मतदान

बांग्लादेश में आज 12 करोड़ से अधिक लोग नई सरकार चुनने के लिए मतदान कर रहे हैं. 2024 में हुए आंदोलन ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख़ हसीना को सत्ता से हटा दिया था शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर इस चुनाव में हिस्सा लेने को लेकर प्रतिबंध लगाया गया है. इस चुनाव में अब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और इस्लामी दल जमात-ए-इस्लामी के बीच मुक़ाबला है.

वंदे मातरम’

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रगीत ‘वंदे मातरम’ को लेकर केंद्र के नए निर्देश पूरे प्रदेश में लागू किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने आदेश दिया है कि अब आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगान ‘जन गण मन’ से पहले ‘वंदे मातरम’ गाया या बजाया जाएगा। गृह मंत्रालय के मुताबिक ऐसे मौकों पर ‘वंदे मातरम’ का छह अंतरों वाला संस्करण अनिवार्य होगा।

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय शोधार्थी समागम 2026 का उद्घाटन किया। यह आयोजन दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान की ओर से 14 फरवरी तक किया जा रहा है। तीन दिन के इस समागम में देशभर के शोधार्थी संवाद और विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम का मकसद भारत-केंद्रित शोध, नई तकनीक और भारतीय ज्ञान परंपरा को अनुसंधान से जोड़ना है।

कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में लोक निर्माण विभाग की बड़ी प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत हो रही इस कार्यशाला में करीब दो हजार इंजीनियर और तकनीकी अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में डिजिटल परियोजना प्रबंधन प्रणाली 2.0 की शुरुआत और प्रशिक्षण कैलेंडर का विमोचन किया जाएगा।

श्रमिक संगठनों -हड़ताल

नए लेबर लॉ समेत कई मुद्दों के विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने आज हड़ताल पर हैं। जबलपुर और इटारसी में डिफेंस फैक्टरियों के बाहर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। हड़ताल में कई ट्रेड यूनियन, बैंक, बीमा, बीएसएनएल और डाक विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। संगठनों ने लेबर कोड, बिजली संशोधन विधेयक और अन्य प्रस्तावित कानूनों को वापस लेने की मांग की है।

सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी टीम को विश्व रिकॉर्ड बनाने पर सम्मानित किया है. आकाशवाणी की टीम ने बाबा महाकाल की राजसी सवारी का लगातार 5 घंटे 40 मिनट तक लाइव प्रसारण कर इतिहास रचने का काम किया है।

पर्यटन

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार अब छोटे जिलों में होटल और रिसॉर्ट बनाने की तैयारी कर रही है। मंदसौर, छिंदवाड़ा, धार, बैतूल और पन्ना समेत कई जगहों पर पीपीपी मॉडल पर करीब 450 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। इन प्रोजेक्ट्स को 60 से 90 साल की लीज पर दिया जाएगा।

सोने और चांदी

सोने और चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है। 24 कैरेट सोना घटकर करीब 1 लाख 58 हजार रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत कम होकर करीब 2 लाख 62 हजार हो गई है।

जीतू पटवारी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर बजट सत्र से पहले तीन मंत्रियों को हटाने की मांग की है। उन्होंने विजय शाह, राजेंद्र शुक्ल और कैलाश विजयवर्गीय से जुड़े मामलों का जिक्र करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पटवारी ने प्रदेश में नैतिकता और जवाबदेही की अनदेखी होने का आरोप भी लगाया है।

क्रिकेट

आईसीसी मेंस क्रिकेट टी20 वर्ल्ड कप 2026 में आज श्रीलंका और ओमान की टीम आमने सामने है. पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 225 रन बनाए हैं. ओमान की टीम फिलहाल लक्ष्य का पीछा कर रही है। आज शाम सात बजे भारत का सामना नामीबिया से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। वहीं मुंबई में दोपहर 3 बजे नेपाल और इटली आमने-सामने होंगे।